|| सारे तीरथ धाम आपके चरणों में भजन ||

Chalisamantras.com

सारे तीरथ धाम आपके चरणों में,
हे गुरुदेव प्रणाम आपके चरणो में ।

हृदय में माँ गौरी लक्ष्मी,
कंठ शारदा माता है,
जो भी मुख से वचन कहे,
वो वचन सिद्ध हो जाता है ।
है गुरु ब्रह्मा, है गुरु विष्णु,
हे शंकर भगवान आपके चरणो में,
हे गुरुदेव प्रणाम आपके चरणो में ।

जनम के दाता मात पिता है,
आप करम के दाता है,
आप मिलाते है ईश्वर से,
आप ही भाग्य विधाता है ।
दुखिया मन को रोगी तन को,
मिलता है आराम आपके चरणो में,
हे गुरुदेव प्रणाम आपके चरणो में ।

निर्बल को बलवान बना दो,
मूर्ख को गुणवान प्रभु,
देवकमल और वंसी को भी,
ज्ञान का दो वरदान गुरु ।
हे महादानी हे महाज्ञानी,
रहूँ मैं सुबहो शाम आपके चरणो में,
हे गुरुदेव प्रणाम आपके चरणो में ।

कर्ता करे ना कर सके,
पर गुरु करे सब होये,
सात द्वीप नौ खंड में,
मेरे गुरु से बड़ा ना कोये ।

Chalisamantras.com

सब धरती कागज़ करूँ,
लेखनी सब वनराय,
समुद्र को स्याही करूँ,
पर गुरु गुण लिख्यो ना जाए ।

सारे तीरथ धाम आपके चरणों में,
हे गुरुदेव प्रणाम आपके चरणो में ।

Chalisamantras.com

Chalisamantras.com